## प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

## सत्र 2024-25

## कक्षा आठवीं

## विषय : हिंदी (द्वितीय भाषा)

**समय: 3 घंटे** **पूर्णांक (लिखित 80 अंक + सी.सी.ई. 20 अंक) = 100**

***नोट-(i) प्रश्न-पत्र के छह भाग (क से च तक) होंगे। (ii) प्रश्न-पत्र में कुल आठ प्रश्न होंगे। (iii) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।***

### भाग-क : बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न (15)

प्रश्न-.1(I) पाठ्य पुस्तक में से पर्यायवाची शब्द, शब्द-शुद्धि, संज्ञा, सर्वनाम, कारक, विशेषण, क्रिया की पहचान, क्रिया-विशेषण से संबंधित बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले आठ वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 8x1=8

(II)पाठ्य पुस्तक के कविता भाग के अभ्यासों में से चार अति लघूत्तर बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 4x1=4

(III) पाठ्य-पुस्तक में से बहुवैकल्पिक उत्तरों से सम्बन्धित तीन कठिन शब्दों के अर्थ पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 3x1=3

### अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न (15)

***नोट: इसमें 'हाँ/ नहीं' अथवा 'रिक्त स्थानों की पूर्ति' अथवा 'सही / गलत' अथवा 'मिलान कीजिए", 'एक शब्द' अथवा 'एक वाक्य उत्तर दें' किसी भी प्रकार के हो सकते हैं। प्रश्न पत्र निर्माता इनमें से किसी भी प्रकार से निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता है।***

(IV) पाठ्य-पुस्तक के पद्यांश पर आधारित पाँच प्रश्न पूछे जाएँगे। तीन प्रश्नों के उत्तर पद्यांश में से ढूँढकर लिखने के लिए होंगे। अन्य दो प्रश्न कठिन शब्दों के अर्थ / पद्यांश के केन्द्रीय भाव/मूल भाव से सम्बन्धित दिए जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 5x1=5

(V) पाठ्य-पुस्तक में से लिंग बदलो, वचन बदलो, विपरीत शब्द, भाववाचक संज्ञा निर्माण, विशेषण निर्माण, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, विराम चिह्न से सम्बन्धित उत्तरों वाले प्रश्नों में से पाँच वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 5x1=5

(VI) पाठ्य-पुस्तक में से पुरुष, काल, वाच्य, संबंधबोधक, योजक तथा विस्मयादिबोधक की पहचान, 'र' के विभिन्न रूप से सम्बन्धित उत्तरों वाले प्रश्नों में से पाँच वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होंगा। 5x1=5

### भाग-ख: पाठ्य पुस्तक (20)

प्रश्न - 2 पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग में से दस अति लघूत्तर प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से आठ प्रश्नों के उत्तर लगभग एक-दो पंक्तियों में लिखने के लिए कहा जाएगा। 8x1=8

प्रश्न- 3 पाठ्य पुस्तक में से पाँच निबन्धात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग चार-पाँच पंक्तियों में लिखने के लिए कहा जाएगा। 3x4=12

### भाग-ग: अनुवाद (5)

प्रश्न-4 (i)पाठ्य-पुस्तक में से पंजाबी के चार शब्द देकर उनमें से किन्हीं तीन शब्दों का हिंदी में अनुवाद करने के लिए कहा जाएगा। 3x1=3

(ii) पाठ्य-पुस्तक में से पंजाबी के दो वाक्य देकर उनमें से किसी एक का हिंदी में अनुवाद करने के लिए कहा जाएगा। 1x2=2

**भाग-घ: अपठित गद्यांश** **(5)**

प्रश्न-5 एक अपठित गद्यांश को पढ़कर पाँच प्रश्नों के उत्तर देने के लिए कहा जाएगा। 5x1=5

**भाग-ङ: मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ** **(5)**

प्रश्न-6 पाठ्य-पुस्तक में से सात मुहावरे / लोकोक्तियाँ देकर उनमें से किन्हीं पाँच मुहावरे / लोकोक्तियों को वाक्यों में अर्थ स्पष्ट करने के लिए कहा जाएगा। 5x1=5

**भाग-च: रचनात्मक लेखन** **(15)**

प्रश्न- 7 कोई दो पत्र देकर उनमें से किसी एक पत्र को लिखने के लिए कहा जाएगा। 7

प्रश्न-8 किन्हीं तीन विषयों पर संकेत बिंदु देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबन्ध लिखने के लिए कहा जाएगा। 8

# परीक्षा 2024-25

## नमूना प्रश्न-पत्र

## कक्षा आठवीं (द्वितीय भाषा)

## विषय : हिंदी

**पूर्णांक = 80**

**समय : 3 घंटे** **सी.सी.ई. =20**

**भाग-क**

**1. बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **(8X1=8)**

**(i) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'सूरज' का पर्याय नहीं है?**

(क) सूर्य (ख) दिनकर

(ग) प्रभात (घ) भास्कर

**(ii)निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखिए:-**

(क) मरितयु (ख) मृत्यु

(ग) म्रत्यु (घ) मृत्यू

**(iii) निम्नलिखित में से संज्ञा शब्द को चुनकर लिखिए:-**

(क) सिंधु (ख) साहस

(ग) तुम (घ) जब

**(iv) 'हम लाल किला देखने जायेंगे।' वाक्य में से सर्वनाम शब्द को चुनकर लिखिए:-**

(क) हम (ख) लाल

(ग) किला (घ) जायेंगे

**(v) '<u>गुरु जी ने</u> बच्चों को बड़े प्यार से समझाया।' वाक्य में रेखांकित पद में सही कारक को चुनकर लिखिए।**

(क) कर्ण कारक (ख) अधिकरण कारक

(ग) सम्बोधन कारक (घ) कर्त्ता कारक

**(vi) निम्नलिखित में से सही विशेषण शब्द को चुनकर लिखिए।**

(क) परिचित (ख) अनुमान

(ग) शहर (घ) दर्शक

**(vii) कौन- सा क्रिया शब्द नहीं है?**

(क) सुनना (ख) चलना

(ग) हँसना (घ) चिमटा

**(viii) "मैं जल्दी-जल्दी काम निपटा कर उसी चौराहे पर पहुँची ।" इस वाक्य में उचित क्रिया विशेषण लिखें।**

(क) मैं (ख) जल्दी-जल्दी

(ग) निपटा (घ) पहुँची

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए:- (4X1=4)**

(i) **'राखी की चुनौती' कविता के अनुसार बहन किसको बधाई देती है?**

(क) क्रांतिकारियों को (ख) जिन बहनों के भाई जेल में हैं

(ग) जिन बहनों के भाई उनके पास हैं (घ) जिन बहनों के भाई उनके पास नहीं हैं

(ii) **'रब्बा मींह दे पानी दे' कविता के अनुसार 'खेतों में सोना' का क्या अर्थ है?**

(क) वर्षा (ख) पानी

(ग) फसलें (घ) धरती

**(iii) 'गिरधर की कुंडलियाँ' कविता के अनुसार चार दिन का मेहमान कौन है ?**

(क) दुःख (ख) दौलत

(ग) व्यवहार (घ) इनमें से कोई नहीं

**(iv) माँ किसका वरदान है? 'माँ' कविता के आधार पर उत्तर दें।**

(क) धरती का (ख) ईश्वर का

(ग) समय का (घ) नदी का

**III. निम्नलिखित कठिन शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए: (3X1=3)**

**(i) निम्नलिखित में से 'अल्प' का सही अर्थ चुनकर लिखिए:-**

(क) लक्ष्य (ख) अधिक

(ग) अत्यधिक (घ) थोड़ा

**(ii)निम्नलिखित में से 'चेष्टा' का सही अर्थ चुनकर लिखिए:-**

(क) चंचल (ख) बरसात

(ग) कोशिश (घ) बेबस

**(iii) निम्नलिखित में से 'सैलानी' का सही अर्थ चुनकर लिखिए:-**

(क) पर्यटक (ख) सैनिक

(ग) सैलाब (घ) लहर

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**IV) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए: (5X1=5)**

**बहन आज फूली समाती न मन में,**
**तड़ित आज फूली समाती न घन में ।**
**घटा है न फूली समाती गगन में,**
**लता आज फूली समाती न वन में ।**

प्रश्न 1.उपर्युक्त पद्यांश के अनुसार यदि हम स्वयं प्रसन्न होते हैं तो हमें सारा वातावरण प्रसन्न दिखाई देता है। (हाँ/नहीं)

प्रश्न 2.रिक्त स्थान भरें- 'घटा है न फूली समाती________________।'

प्रश्न 3.उपर्युक्त पद्यांश के अनुसार बहन आज बहुत खुश है। (सही /ग़लत)

प्रश्न 4.**'वन'** शब्द का अर्थ से मिलान कीजिए:

'वन' वचन
जंगल
मन

प्रश्न 5. उपर्युक्त पद्यांश का मूल भाव क्या है?

**V. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : (5X1=5)**

**(i)** '**सदस्य**' का स्त्रीलिंग शब्द **'सदस्या'** होगा। **(सही या गलत)**

(ii) '**पंक्ति**' का बहुवचन **'पंक्तियाँ'** होगा। **(सही या गलत)**

(iii) **'कमज़ोर'** शब्द का विपरीत शब्द से मिलान करें-

**कमज़ोर** दुर्बल
ताकतवर
डरपोक

**(iv)** **'आवश्यक'** शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी **'आवश्यकता'** **(सही या गलत)**

(v) **'अच्छा व्यवहार'** अनेक शब्दों के लिए एक शब्द होगा- '**दुराचार**' **(सही या गलत)**

**VI. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : (5X1=5)**

**(i) रिक्त स्थान में उपयुक्त मध्यम पुरुष का प्रयोग करें-**

____________यहाँ किससे मिलने आए हो? (तुम/वह)

**(ii) रिक्त स्थान में उचित संबंधबोधक शब्द भरें-**

हामिद तो मोटर __________आते-आते बचा। (के नीचे / के बाद )

**(iii) रिक्त स्थान में उचित योजक शब्द भरें-**

इनके मुँह में हाथ मत डालना _________दुर्घटना हो सकती है। ( नहीं तो / यानि )

**(iv) रिक्त स्थान में उचित विस्मयादिबोधक शब्द भरें-**

_______! हम मस्तानों का टोला आज़ादी का डोला लायेंगे। (अहा / ओहो )

**(v)** **'दर्शक'** शब्द में पदेन 'र' का प्रयोग हुआ है। (हाँ / नहीं )

## भाग-ख

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए : (8X1=8)**

(i) सम्राट महापद्म नंद के मंत्री का क्या नाम था ? 'पिंजरे का शेर' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ii) घोंसला नीचे मिट्टी में कैसे गिर गया? 'शायद यही जीवन है' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(iii) पाकिस्तानी मछुआरों ने किसे अपना निशाना बनाया? 'नील गगन का नीलू' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(iv) 'पढ़ोगे' पूछने पर मनीष ने क्या उत्तर दिया? 'प्रेरणा' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(v) बिजली के बल्ब का आविष्कार किसने किया? 'मन के जीते जीत' 'ईदगाह' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(vi) नमाज़ खत्म होने पर लोग क्या करते हैं ? 'ईदगाह' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(vii) डोम थिएटर की क्या विशेषता है ? 'ज्ञान और मनोरंजन का घर- साइंस सिटी' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(viii) वाघा बॉर्डर किन दो देशों के मध्य स्थित है ? 'वाघा बॉर्डर' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ix) कार्बन-डाइ-ऑकसाइड का रूप क्यों बदल रहा है ? 'मेरा दम घुटता है' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(x) विधान सभा में बम फेंकने की ज़िम्मेवारी किसे सौंपी गई ? 'सरफ़रोशी की तमन्ना' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग चार-पाँच पंक्तियों में दीजिए : (3X4=12)**

(i) टोकन, स्मार्ट कार्ड और पर्यटक कार्ड में क्या अंतर है ? 'मैट्रो रेल का सुहाना सफर' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ii) शेरशाह क्यों लज्जित हुआ और उसने जायसी को क्यों सम्मान दिया ? 'मन के जीते जीत' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(iii) सहयोग के दो उदाहरण लिखें ? 'सहयोग' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(iv) कल्पना चावला के जीवन से आप क्या प्रेरणा लेते हैं ? 'अन्तरिक्ष परी-कल्पना चावला' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(v) इन क्रांतिकारियों ने साइमन कमीशन का विरोध किस प्रकार किया ? 'सरफरोशी की तमन्ना' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

## भाग-ग

**4. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पंजाबी शब्दों को हिंदी में लिखिए: (3X1=3)**

ਅਦਾਲਤ, ਸ਼ਾਮਲਿ , ਸਹਿਤ, ਸਕੂਲ,

**(क) निम्नलिखित में से किसी एक वाक्य का हिंदी में अनुवाद कीजिए : (2X1=2)**

(a) ਉਸ ਪਿੰਡ ਵਿੱਚ ਸੜਕ ਬਣ ਰਹੀ ਹੈ।

(b) ਸਾਰੇ ਬੱਚੇ ਇਕੱਠੇ ਹੱਸ ਪਏ।

**भाग-घ**

**5. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (5X1=5)**

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को उदात्त एवं महान बनाते हैं। बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। अत्यंत साहित्यिक एवं मुश्किल भाषा के प्रयोग से कहीं ऐसा न हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए। बातचीत में केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का भी आदानच्छा करना चाहिए। शिक्षक वास्तव में विद्यार्थियों को सोच की चुनने शब्द होता करताप्रदान-एक शिक्षक अभिनेता होता ह, जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है।

**प्रश्न-1. बातचीत करते समय हमें किस बात का विशेष ध्यान देना चाहिए?**

**प्रश्न-2. बातचीत करते समय किस तरह की भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए?**

**प्रश्न-3. एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों को कैसे प्रभावित करता है?**

**प्रश्न-4. उपर्युक्त गद्यांश में आए शब्द 'प्रचलित' का क्या अर्थ है?**

**प्रश्न-5. प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।**

**भाग- ङ**

**6) निम्नलिखित में से किन्ही पाँच मुहावरों/लोकोक्तियों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग करें कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएँ- (5X1=5)**

सपने दिखाना, सुध लेना, एक पंथ दो काज, बाल-बाल बचना, परखच्चे उड़ाना, जहाँ चाह वहाँ राह, मन बहलाना

**भाग- च**

**7) निम्नलिखित में से कोई एक पत्र लिखिए : (7)**

मित्र के जन्मदिन पर उसे बधाई पत्र लिखिए ।

अथवा

स्कूल छोड़ने का प्रमाण-पत्र लेने हेतु अपने मुख्याध्यापक को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

**8) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 140 शब्दों में निबंध लिखिए : (8)**

**(क) प्रदूषण की समस्या व् समाधान**

**[संकेत बिंदु:** प्रदूषण का अर्थ........ प्रदूषण चार प्रकार..................जल प्रदूषण.........................जन-जीवन की सारी गंदगी.......... कारखानों से निकला गंदा पानी........ वायु प्रदूषण....................वृक्षों का कटना.....................वाहनों और कारखानों का धुआँ..................... वृक्षों की कटाई पर रोक.....................वृक्षारोपण.....................ध्वनि-प्रदूषण................भूमि-प्रदूषण.....................

सौर-ऊर्जा का प्रयोग.....................]

**(ख) शहीद भगत सिंह**

**[संकेत बिंदु**: भगत सिंह का जन्म................. देश-भक्त परिवार..................... नाम 'भागों वाला'.................क्रांतिकारी कार्य...............असैम्बली में बम ................मुक़द्दमा .................फाँसी.................]

**(ग) प्रातः काल की सैर**

**[संकेत बिंदु:** प्रातः काल की सैर........... सुखदायक व रोमांचकारी.............. शारीरिक व मानसिक दोनों ही रूपों में यह स्वास्थ्य वर्धक.............. स्व प्रेम व प्रकृति प्रेम वर्धक.............. शुद्ध व सुगंधित वायु से शरीर के अनेक विकारों को दूर करने में सहायक.............. जीवन में नियमितता........]